दिनांकः 30.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

देश, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किये। इनके अलावा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुख और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष भी मौजूद रहे।
जयपुर स्थित राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दो मिनट का मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि दी गई।
इधर, प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी को याद किया जा रहा है। जयपुर में सचिवालय में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित कई मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति भी हुई।

.......................

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हो रही है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश और गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव, बीजू जनतादल के सांसद सस्मित पात्रा और द्रविड मुनेत्र कडगम के सांसद टी.आर. बालू भाग ले रहे हैं। इस दौरान सरकार सभी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ विचार–विमर्श कर रही है और सत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा कर रही है।
इधर, राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र भी कल से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले आज जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक रखी गई है। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि बैठक में सत्र की तैयारियों के संबंध में चर्चा की जाएगी और विधायकों को सत्र के संबंध में ई–प्रजेंटेशन भी दिया जाएगा। वहीं आज विधानसभा में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी होगी। विधानसभा की ना पक्ष लॉबी में ये बैठक आयोजित होगी।

.......................

आज कुष्ठ रोग निवारण दिवस है। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर स्थित एक कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों से संवाद किया और उनके द्वारा बनाई गई वस्तुओं का अवलोकन किया।
राज्यपाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि सेवा और उचित चिकित्सा के जरिए इस रोग का निवारण किया जा सकता है।
कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर प्रदेश में आज से स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता पखवाड़े की शुरूआत हुई। 13 फरवरी तक चलने वाले इस पखवाड़े के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कुष्ठ रोग से जुड़े अंधविश्वास और भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास किये जाएंगे।

.......................

एक जनवरी से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का राज्य स्तरीय समापन समारोह आज जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में उपमुख्यमंत्री और परिवहन तथा सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शिरकत कर रहे हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सड़क सुरक्षा प्रहरियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को समारोह में सम्मानित किया जा रहा है।

.......................

नई दिल्ली के लाल किला परिसर में चल रहे भारत पर्व में राजस्थान मंडप विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पर्यटन स्टॉल के साथ–साथ खान पान के स्टॉल्स भी लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। एक रिपोर्ट –

.......................